## 17 सालों से स्लीमनाबाद क्षेत्र में हो रहा करीब 12 किमी लंबी टनल का निर्माण

# देश की सबसे लंबी टनल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में, जलसंकट से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के स्लीमनाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन देश की सबसे लंबी वाटर टनल का कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। टनल निर्माण का कार्य पिछले 17 वर्षों से चल रहा रहा। टनल निर्माण कार्य में कई तरह की परेशानियों एवं समस्याओं के चलते इस कार्य की न सिर्फ लागत बढ़ी बल्कि कई सालों का समय भी लगा। इस मेगा प्रोजेक्ट के कार्य के पूर्ण होने के कई बार दावे किये गये लेकिन कोई न कोई समस्या आ जाने से अवधि आगे बढ़ती चली गई। अब एक बार फिर जून के अंत तक इसकी खुदाई पूरी होने की उम्मीद है। उम्मीद इसलिये भी बढ़ी है क्यों कि टनल की खुदाई के लिये अब महज 85 मीटर का कार्य ही बचा है। इस टनल के शुरू होते ही नर्मदा नदी का पानी से 5 जिलों के लोगों की प्यास बुझाने के साथ-साथ खेतों को भी हरा-भरा करेगा।



### 2008 में शुरू हुआ था निर्माण

बरगी व्यपवर्तन योजना के तहत वर्ष 2008 में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बरगी बांध के नर्मदा जल को सूखा प्रभावित इलाकों तक पहुंचाना है। जमीन से नीचे बन रही इस 11.95 किलोमीटर लंबी भूमिगत टनल में अब सिर्फ 85 मीटर के आस-पास खुदाई बाकी है। जिला प्रशासन के अनुसार फिलहाल प्रतिदिन 3 से 4 मीटर खुदाई की जा रही है, जिससे उम्मीद है कि 1 महीने के भीतर खुदाई का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद केबलिंग और अन्य तकनीकी कार्यों में करीब 1 महीने का समय और लगेगा।

स्लीमनाबाद क्षेत्र की भूगर्भीय संरचना इतनी जटिल थी कि इसने दुनिया के बेहतरीन इंजीनियरों को भी घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। संगमरमर, चूना पत्थर, डोलोमाइट और स्लेट की सख्त परतों के कारण वर्ष 2011 में बुलाई गई अमेरिकी रोबिन्स टनल बोरिंग मशीन (TBM) भी यहां खुदाई के दौरान टूट गई। शुरुआती महज 1.6 किलोमीटर की खुदाई करने में ही साढ़े छह साल का लंबा वक्त लग गया। बाद में इस काम को गति देने के लिए जर्मन तकनीक और नई मशीनों का सहारा लिया गया।

### कई चुनौतियां एवं समस्याएं आई

डेढ़ दशक से भी अधिक में के दौरान इस प्रोजेक्ट को कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। निर्माण के दौरान सैकड़ों से अधिक बार सिंकहोल (जमीन धंसने) की घटनाएं हुईं। कई जगहों पर जहरीली गैस का रिसाव हुआ, अचानक पानी का तेज बहाव आया और मिट्टी धंसने से कई मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके अलावा, करीब 80 परिवारों को विस्थापित भी करना पड़ा।

टनल निर्माण में नित नई चुनौतियों के कारण प्रोजेक्ट की शुरुआती अनुमानित लागत 799 करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 1600 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। करीब 12 किमी लंबी नहर प्रणाली से लंबी नहर, पाइपलाइन और टनल प्रणाली का एक विशाल नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में सालों का समय लगने की वजह से सालों से तैयार पड़ी नहरें कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके सुधार के लिए प्रशासन ने टेंडर जारी कर दिए हैं। टनल निर्माण के पूर्ण हो जाने के बाद कटनी, मैहर, सतना, पन्ना सहित रीवा जिले के नागरिकों एवं किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। जल संकट प्रभावित जिलों के हजारों किसानों को बारहमासी सिंचाई की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का दशकों पुराना पेयजल संकट हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।



## बाइक सवार दो युवकों से 250 पाव अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा पुलिस ने शराब की तस्करी करते बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई।

थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा श्रीमती महिमा रघुवंशी को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर सहायक उप निरीक्षक विजेंद्र तिवारी एवं आरक्षक कमोड तथा आरक्षक देवेंद्र को कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल से अवैध शराब का परिवहन कर रहे ऋतुराज सिंह पिता पुष्पेंद्र सिंह 23 वर्ष, निवासी सिमरिया जिला पन्ना एवं निखिल सिंह पिता राकेश सिंह, निवासी ग्राम धारी मजगामा जिला सतना को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 250 पाव लाल मसाला एवं प्लेन शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।आरोपियों से शराब रखने एवं परिवहन करने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किंतु वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस प्रकार दोनों आरोपी अवैध रूप से शराब का परिवहन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध धारा 34(ए) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी श्रीमती महिमा रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक कमोड एवं आरक्षक देवेंद्र की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### 726 ग्राम गांजे के हरे पौधे सहित युवक गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रचना नगर कॉलोनी में दबिश देकर गांजे के पौधों को जब्त किया है। पुलिस ने एक आरोपित भी को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि बस स्टैंड चौकी अंतर्गत रचना नगर कॉलोनी की गली नंबर 02 में एक युवक अपने घर के पास खाली पड़ी कब्जे की जमीन पर अवैध रूप से गांजे के पौधे उगा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताई गई जगह पर दबिश दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो आरोपी के घर के बगल वाली जमीन पर गांजे के पेड़ लहलहाते मिले। पुलिस ने 726 ग्राम वजनी गांजे के हरे पौधे जड़ से उखाड़कर अपने कब्जे में ले लिए। पुलिस ने इस मामले में मौके से आरोपी अक्षत कुमार जार 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ धारा 8 और 20 एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### हादसे में आटो सवार तीन यात्री हुये घायल

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत झिंझरी चौकी के पास पीरबाबा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में सवारी ऑटो और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में ऑटो में सवार चालक समेत 3 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में बैठे चालक समेत यात्री घायल हो गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस कर्मी विजय चढ़ार मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए NHAI 1033 एम्बुलेंस सेवा को बुलाया, जिसके माध्यम से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को राहत देते हुए शासन ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र-छात्राएं एमपीटास पोर्टल के माध्यम से 30 जून 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 30 जून कर दिया गया है। जिन पात्र विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित तिथि से पहले अनिवार्य रूप से आवेदन कर लें। प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए जल्द से जल्द आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे किसी प्रकार की तकनीकी समस्या या विलंब से बचा जा सके।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता मे आज शुक्रवार, 19 जून को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मिशन वात्सल्य अंतर्गत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं श्रम विभाग के अंतर्गत बाल श्रमिकों की पहचान, विमुक्ति एवं पनुर्वास हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ, आयुक्त नगर निगम, सीएमएचओ, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण, जिला खनिज अधिकारी, जिला विधियक सहायता अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

**बायोवेस्ट के निपटान में मिली अनियमितताएं, बनाया गया जांच प्रतिवेदन**

## वेदांश हास्पिटल में औचक निरीक्षण, मिली कई खामियां, कार्यवाही की लटकी तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर मार्ग में जिला कलेक्ट्रेट के सामने संचालित 'वेदांश न्यूरो स्पाइन मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल' में गुरुवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण विभाग की टीम द्वारा की गई औचक छापेमारी में कई अनियमितताएं सामने आई। अस्पताल के भीतर और बाहर बायोमेडिकल वेस्ट के संग्रहण, भंडारण और निपटान में बड़े पैमाने पर ऐसी गंभीर अनियमितताएं और लापरवाही पाई गई हैं, जो मानव जीवन और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा हैं।

जांच टीम के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अस्पताल परिसर के भीतर बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के तीनों महत्वपूर्ण चरणों में भारी गड़बड़ियां पकड़ी गई हैं। नियमों के मुताबिक, अस्पताल से निकलने वाले संक्रमित कचरे (जैसे- सिरिंज, खून से सने कॉटन, पट्टियां, मानव अंग) को अलग-अलग रंग के डिब्बों में कलेक्ट करना अनिवार्य है लेकिन अस्पताल में इस नियम को ताक पर रखकर सामान्य और संक्रमित कचरे को एक साथ मिलाकर रखने के साक्ष्य मिले हैं। नियमों के विपरीत, बायोमेडिकल वेस्ट को तय गाइडलाइंस के अनुसार सुरक्षित और निर्धारित स्टोर रूम में रखने के बजाय, बेहद असुरक्षित और खुले स्थानों पर डंप किया जा रहा था, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा कई गुना बढ़ गया था। कचरे को नष्ट करने या उसे रीसायकल/डिस्पोजल सेंटर तक सुरक्षित पहुंचाने के जो कड़े सरकारी मानक हैं, अस्पताल प्रबंधन उनके दस्तावेज़ और जमीनी व्यवस्था दिखाने में पूरी तरह नाकाम रहा।



कियतकर्ता रोहन गर्ग द्वारा दी गई जानकारी के बाद जब वैज्ञानिक आर.पी. शुक्ला, जिला पर्यावरण अधिकारी विजय शुक्ला और केमिस्ट जय शुक्ला की संयुक्त टीम ने अस्पताल का चप्पा-चप्पा छाना, तो शिकायत के एक-एक बिंदु की पुष्टि मौके पर ही हो गई। विभाग ने इन गंभीर अनियमितताओं को रिकॉर्ड पर लेते हुए आगे की कड़ी वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।ब

जिला पर्यावरण अधिकारी के अनुसार अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट के संग्रहण और निपटान में पाई गई यह लापरवाही कोई छोटी चूक नहीं, बल्कि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ है। टीम प्रतिवेदन तैयार कर रही है। नियमों के उल्लंघन के लिए आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## जबलपुर से आई टीम ने स्टेशन में अवैध वेंडरों को पकड़ा



नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन में जबलपुर से आए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की। कार्रवाई के दौरान प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से घूम रहे 8 से 10 अवैध वेंडरों को रंगे हाथों पकड़ा गया। इस कार्रवाई में सीसीसआई नावेद सिद्दीकी, एसएमसी एच.के. शुक्ला, सीएचआई बलवेंद्र प्रताप सिंह और आरपीएफ की टीम मुख्य रूप से शामिल रही। टीम को देखकर स्टेशन पर अवैध रूप से सामग्री बेच रहे वेंडरों में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। स्टेशन में अवैध वेंडर बिना किसी मेडिकल फिटनेस और क्वालिटी चेक के यात्रियों को खाद्य सामग्री बेचते हैं। बिना वैध पास और सत्यापन के प्लेटफॉर्म पर घूमने वाले ये तत्व स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को भी ठेंगा दिखा रहे हैं।

## साइबर अपराधों से बचाव के लिये 24 जून से आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

साइबर अपराधों की रोकथाम तथा नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 दिवसीय प्रदेशव्यापी साइबर वृहद जन-जागरूकता अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक ₹Safe Click 2.0₹ नाम से प्रारंभ किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य साइबर सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाना है।

अभियान के दौरान प्रदेशभर में विभिन्न स्तरों पर व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें संस्थागत गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, शासकीय कार्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य संस्थानों में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों को साइबर अपराधों के नए तौर-तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी।

अभियान के अंतर्गत जागरूकता वाहन के माध्यम से जनसंदेश प्रसारित किए जाएंगे, साइबर सुरक्षा मेले आयोजित होंगे तथा युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए ₹स्कैम हैकथॉन₹ जैसे नवाचार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति प्रतिबद्ध करने हेतु साइबर सुरक्षा शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही ₹मानव क्यूआर कोड₹ जैसी अभिनव गतिविधियों के माध्यम से साइबर सुरक्षा संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान अवधि में साइबर जागरूकता श्रृंखला के तहत विभिन्न विषयों पर नियमित जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि, साइबर ठगी अथवा फर्जी संदेश की सूचना तत्काल पुलिस एवं साइबर हेल्पलाइन को दें तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाकर साइबर सुरक्षित मप्र के निर्माण में सहभागी बनें।

**महापौर ने गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने दिये निर्देश**

## नेहरू वार्ड में 45.68 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम द्वारा नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं वार्ड के समग्र विकास के उद्देश्य से नेहरू वार्ड में 45.68 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम वार्ड की कन्या के करकमलों से विधिवत संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विकास कार्यों का स्वागत किया।



भूमिपूजन के अंतर्गत नेहरू वार्ड में 12.66 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। वहीं इन्द्रा ज्योति कॉलोनी में 13.95 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण एवं नाला मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया गया। इसी प्रकार वार्ड में सार्वजनिक उपयोग हेतु रिक्त स्थान पर 2.52 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण एवं रोड निर्माण कार्य तथा वंशकार बस्ती में 16.55 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन एवं स्वच्छ वातावरण का लाभ प्राप्त होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिले। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। महापौर ने निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने का कार्य निरंतर जारी है।

## मोहर्रम पर्व को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को जारी किए निर्देश

# कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रहें अलर्ट, सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने पर्व के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई और कानून व्यवस्थ्या सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस वर्ष मोहर्रम का मुख्य कार्यक्रम (ताजिया जुलूस) शुक्रवार, 26 जून को आयोजित होगा। इसके साथ ही 25 एवं 26 जून को विभिन्न स्थानों से ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे। इसे देखते हुए प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम को जुलूस मार्गों एवं प्रमुख स्थलों जैसे इस्लाम चौक, मौला चौक, सुभाष चौक, मिशन चौक, गाटर घाट करबला सहित अन्य क्षेत्रों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। नगर निगम द्वारा मार्गों के गड्ढों को भरकर सुधार कार्य किया जाएगा तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही पेयजल के लिए पर्याप्त टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे और आवारा पशुओं की रोकथाम की व्यवस्था की जाएगी।

### व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

ताजिया जुलूस के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए विद्युत एवं दूरसंचार विभाग को सभी तारों को उचित ऊंचाई पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

### कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान

जुलूस के दौरान भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं पुरुष पुलिस बल के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना मिल सके।

### स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष व्यवस्था

त्यौहार के दौरान संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न स्थानों पर एम्बुलेंस, चिकित्सक एवं दवाइयों की व्यवस्था की जाएगी। जिला अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू होंगे निर्देश

जारी निर्देश में स्पष्ट किया है कि यह सभी व्यवस्थाएं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू होंगी। इसके लिए स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शांति समिति की बैठक अनिवार्य

सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर सुझाव लेकर व्यवस्थाएं और बेहतर की जा सकें।

राज्य शासन द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे समन्वय बनाकर कार्य करें और मोहर्रम पर्व को शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें।



## अपार आईडी मेपिंग कार्य में नहीं बरतें लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सांदीपनि विद्यालय स्लीमनाबाद में गुरुवार को जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद व तेवरी के सभी अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गईं। बैठक डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी ओर बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने ली ओर आवश्यक दिशा -निर्देश प्रदान किये!बीआरसी ने प्राचार्यो को आदेश दिए कि चाइल्ड ट्रेकिंग एप, अपार आई डी मैपिग,कक्षा अपडेशन का कार्य पोर्टल पर करना सुनिश्चित करे। विद्यार्थी जिनकी अब तक अपार आईडी नहीं बन सकी उनकी अपार आईडी 30 जून के पहले बन जाये। अपार आईडी मेपिंग कार्य में लापरवाही कतई नहीं चलेगी। इस दौरान जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखलेश पाण्डे सहित शालाओ के प्रभारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध कीटनाशक विक्रय पर कार्रवाई, बीज भंडार संचालक पर मामला दर्ज

**कटनी।** कुठला पुलिस ने अवैध रूप से कीटनाशकों के विक्रय और एक्सपायरी डेट वाले कीटनाशकों के भंडारण के मामले में कार्रवाई करते हुए चौहान बीज भंडार के संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड कटनी रमा गोविंद पटेल की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया कि कृषि उपज मंडी के सामने, पहरूआ स्थित चौहान बीज भंडार में बिना वैध प्राधिकार पत्र के कीटनाशकों का विक्रय किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान वहां एक्सपायरी डेट के कीटनाशकों का भंडारण भी पाया गया।मामले में पुलिस ने चौहान बीज भंडार के संचालक के विरुद्ध धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा कीटनाशी अधिनियम की धारा 29(1)(सी) के तहत मामला दर्ज किया है।

### सच्चिदानंद पाण्डेय होंगे जिले के नए डीईओ

**कटनी।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 18 जून को राज्य में बड़े पैमाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए गए हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत कटनी जिले को नए जिला शिक्षा अधिकारी मिल गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सतना में प्राचार्य के पद पर कार्यरत उप संचालक सच्चिदानंद पाण्डेय को स्थानांतरित किया गया है। उन्हें अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक जिला शिक्षा अधिकारी कटनी के नवीन पद पर तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया गया है। इस आदेश में कटनी जिले में पदस्थ सुश्री धनश्री जैन (अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, जिला कटनी) का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें अब सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला छतरपुर के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### क्षत्रिय संगठनों ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**कटनी।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर साउथ स्टेशन परिसर में स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया तथा मिठाई वितरित कर जयंती उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड से विशेष अतिथि के रूप में शेर सिंह राणा तथा राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह शामिल हुए। उनके साथ संगठन के प्रदेश, संभाग एवं जिला पदाधिकारी, महिला पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शेर सिंह राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उनका जीवन त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अनुपम मिसाल है। प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

### बचैया गांव में रात्रिकालीन चौपाल में कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया संवाद

# दफ्तरों के नहीं लगाने पड़े चक्कर, प्रशासन ने गांव पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार रात जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बचैया के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार भी मौजूद रहे। समाचार लिखे जाने तक रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन जारी था।

रिमझिम फुहारों के बीच यहां चौपाल में अब तक 52 आवेदनों पर सुनवाई कलेक्टर श्री तिवारी ने की है। कलेक्टर ने जब ग्रामीणों की बातें सुनना शुरू किया , तो ग्रामीणों ने बिना हिचक और झिझक के अपनी समस्याएं बताना शुरू किया।चौपाल का माहौल कुछ ऐसा बना, मानो गांव का कोई अपना ही सबकी बातें सुनने आया हो। ग्रामीणजन ,कलेक्टर की सहजता और सदाशयता से काफी खुश दिखे और यहां की रात्रिकालीन चौपाल ग्रामीणों और प्रशासन के बीच विश्वास, आत्मीयता और संवेदनशील संवाद का सशक्त उदाहरण बन गई।

कलेक्टर श्री तिवारी की सहजता और आत्मीय संवाद की वजह से किसी ने पेयजल की समस्या बताई, तो किसी ने सड़क, बिजली और अपने जमीन से संबंधित समस्याएं तथा शासकीय योजनाओं से जुड़े मुद्दे साझा किए। कलेक्टर श्री तिवारी ने हर व्यक्ति की समस्या को पूरे धैर्य और गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में राजस्व से सम्बंधित मामलों में आबादी भूमि का पट्टा, 18 जून गुरुवार को बारिश एवं तीव्र गति से आये तूफान से घरेलू पानी की टंकी क्षतिग्रस्त होने और मुआवजा दिलाने, नक्शा में त्रुटि सुधार और खसरे का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज कराने, राजस्व अभिलेख के रिकॉर्ड में सुधार कराने और बीपीएल कार्ड सूची में नाम जोड़ने तथा वृद्धावस्था पेंशन संबंधी आवेदनो के निराकरण के कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए। वहीं पुलिस से सम्बंधित मामलों में डराने धमकाने जैसे मामले आये और रात्रि कालीन चौपाल में बिजली कटने और ट्रांसफार्मर बदलवाने तथा ख़राब होने सम्बन्धी आवेदन मिले जिन्हे कलेक्टर श्री तिवारी ने सम्बंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम बचैया के सरपंच राहुल कोरी ने आधार सेवा केंद्र खोलने सम्बन्धी आवेदन दिया।

रात्रि चौपाल में प्रशासन का यह मानवीय और संवेदनशील चेहरा ग्रामीणों को विशेष रूप से प्रभावित करता नजर आया। कलेक्टर को समस्या बताने यहां आये करीब 65 वर्षीय वृद्ध भरत और 70 वर्षीय बेनी प्रसाद निवासी बचैया का कहना था कि जब अधिकारी गांव में आकर उनकी समस्याएं सुनते हैं, तो समाधान की उम्मीद और भी मजबूत हो जाती है। रात्रि चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों का कहना था कि उन्होंने पहली बार किसी कलेक्टर को इतनी आत्मीयता और सहजता के साथ अपने बीच बैठकर उनकी बातें सुनते देखा है। यही कारण रहा कि चौपाल केवल शिकायतों का मंच नहीं रही, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच भरोसे के रिश्ते को और मजबूत करने का माध्यम बन गई।

कलेक्टर श्री तिवारी, एसपी और डीएफओ ने ग्राम बचैया के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना किया। वैदिक मंत्रो और ऋचाओं की अनुगूंज के बीच कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

## 12 लाख 30 हजार से अधिक की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुँचे, इसके लिए कलेक्टहर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति तक इस कार्य को प्राथमिकता से गति प्रदान की जाए, ताकि जिले का प्रत्येक पात्र नागरिक शासन की योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त कर सके।

अभियान के तहत अब तक जिले के 12 लाख 30 हजार 314 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है, जो कुल निर्धारित लक्ष्य का 94 प्रतिशत है। प्रशासन द्वारा शेष लक्ष्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### नगर परिषद कैमोर अव्वल

जिले में समग्र ई-केवाईसी के कार्य में नगर परिषद कैमोर अग्रणी है, जहाँ अब तक 14 हजार 256 नागरिकों की ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है। वहीं जनपद पंचायत बड़वारा अपेक्षाकृत अंतिम पायदान पर है, जहाँ 1 लाख 95 हजार 836 नागरिकों का सत्यापन कार्य पूरा किया गया है।

इसी प्रकार नगर परिषद बरही में 13 हजार 298, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 8 हजार 167, नगर निगम कटनी में 1 लाख 70 हजार 652 नागरिकों की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 98 हजार 187, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 44 हजार 93, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 78 हजार 572, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 81 हजार 459 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 25 हजार 849 नागरिकों का सत्यापन कार्य संपन्न किया जा चुका है।

### नागरिक यहां करा सकते हैं समग्र ई-केवाईसी

जिले के नागरिक समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), कियोस्क एवं लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त नागरिक स्वयं समग्र पोर्टल (www.samagra.gov.in ) तथा समग्र मोबाइल एप के जरिए भी यह प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

*एक दर्जन ईकाइयां फैला रही प्रदूषण, जांच के लिये लिखा है पत्र*

## विधायक के पत्र को भी नहीं दिया तवज्जो, प्रदूषण फैला रहीं कंपनियों की जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा जनपद क्षेत्र में 12 टायर ईकाईयां सन्चालित हो रही हैं। टायर इकाइयों द्वारा टायर से तेल निकालने वाली इकाइयों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण को रोकने व जांच करवाकर सख्त कानूनी कार्रवाई किये जाने के लिए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर सम्बंधित टायर इकाइयों पर कार्रवाई किये जाने का आग्रह किया है।

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत करवाते हुए लिखा है कि बड़वारा विधान सभा क्षेत्र के जनपद पँचायत बड़वारा के क्षेत्र में सन्चालित विभिन्न टायर आधारित ईंधन तेल निर्माण इकाइयों द्वारा पर्यावरण को गम्भीर क्षति पहुंचाई जा रही है जिसके चलते मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन इकाइयों में पुराने टायरों को जलाकर तेल निकाला जाता है। जिससे वायु प्रदूषण दुर्गंध धुआं एवं मानव स्वास्थ्य पर एवं कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों को स्वांस संबंधी समस्याओं एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है।

पत्र के माध्यम से बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सूबे के मुखिया डॉ मोहन यादव से आग्रह किया है कि उक्त इकाइयों की पर्यावरणीय स्वीकृतियों, प्रदूषण नियंत्रण मानकों एवम संचालन की वैधानिकता की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, नियमों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए एवम नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए।जिससे क्षेत्र के पर्यावरण एवम जन स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

### ये कंपनियां हैं संचालित

बड़वारा क्षेत्र में जो कंपनियां चल रही है उनमें 1. एम/एस अक्षर एनर्जी 2. एम/एस श्री राम फ्यूल इंडस्ट्रीज 3. एम/एस अहिंसा लुब्रिकेट्स 4. एम/एस श्रीनाथ फ्यूल 5. एम/एस गुनसागर प्रो. फ्यूल 6. एम/एस श्री श्याम प्रो. फ्यूल 7. एम/एस एस आर एम कार्बो फ्यूल्स 8. एम/एस सदाशिव फ्यूल कंपनी 9. एम/एस विहान फ्यूल 10. एम/एस एस आर एम एस फ्यूल कंपनी 11. एम/एस श्री खंडल माता जी एनर्जी एण्ड फ्यूल्य 12. एम/एस गजलक्ष्मी इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

## मारपीट मामले में गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन



नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अतिक्रमण दल के कर्मचारी के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में गुरूवार को दो घंटे तक काम बंद रखकर सड़क पर प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई, जिससे आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रशासन को शुक्रवार सुबह 10 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो नगर निगम कार्यालय का मुख्य गेट नहीं खोला जाएगा और आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनों नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दल की कार्रवाई के दौरान एक कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस घटना से निगम कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## महाविद्यालय बड़वारा की छात्राएं प्रदेश स्तर पर जिले का करेंगी प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की खिलाड़ी रेखा रजक पिता रामगोपाल रजक का चयन उत्कृष्ट महिला खिलाड़ी के रूप में शासन की मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत किया गया है जो प्रदेश स्तर पर कटनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ी, उत्कृष्ट एन.एस.एस., एन.सी.सी. कैडेट, मेधावी छात्र-छात्रा आदि कैटेगरी में युवा प्रतिभाओं को राज्य शासन द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय धरोहर का भ्रमण कराया जाता है। साथ ही ऐसे युवा और युवतियों का चयन ब्लॉक वार उक्त कैटेगरी में उत्कृष्टता के आधार पर जिले की समिति द्वारा किया जाता है। उक्त भ्रमण का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक स्थानों से परिचय कराना है। इसके अंतर्गत इस वर्ष दिनाँक 17 जून 2026 से ग्वालियर फोर्ट व पैलेस एवं कूनो नेशनल पार्क आदि का भ्रमण कराया जा रहा है।

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल ने बताया कि रेखा बड़वारा महाविद्यालय में अध्ययन करते हुए दो वर्षों से लगातार टेबल टेनिस खेल में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर (अंतर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में) सहभागिता कर रही है। इसी उपलब्धि के आधार पर छात्रा का चयन किया गया है।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी बड़वारा महाविद्यालय की खिलाड़ी राधिका बर्मन पिता रामकुमार बर्मन भी उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत चयनित हुई थी जो खो-खो खेल में राज्य स्तर पर रजत पदक प्राप्त एवं राष्ट्रीय स्तर पर (अंतर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में) सहभागिता कर चुकी हैं। साथ ही वर्तमान में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से शारीरिक शिक्षा एवं खेल की पढ़ाई (बी.पी.एड.) कर रही हैं। पिछले वर्ष उज्जैन का भ्रमण कराया गया था।

*महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम*

## शपथ दिलाकर नशामुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही




शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाकर, युवाओं में बढ़ रहे नशे के चलन को रोकना और समाज को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और समाज एवं देश को नशा मुक्ति की दिशा में ले जाना है। क्योंकि नशे की लत से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों खराब होता है और इससे परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नशे की लत से समाज में अपराध भी बढ़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि शराब, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू, गांजा, ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करता है, बल्कि इससे परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने विद्यार्थियों एवं युवाओं से अपील की कि वे दबाव, जिज्ञासा या गलत संगति के कारण नशे की लत में न पड़ें बल्कि अपनी ध्यान एवं ऊर्जा को सकारात्मक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों में लगाएं।

डॉ. रश्मि त्रिपाठी ने कहां कि नशा आज हमारे समाज के सामने खड़ी एक विकट समस्या है। इससे लड़ने के लिए सरकार के साथ साथ परिवार और दोस्तों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि हम सभी एकजुट होकर इस बुराई के खिलाफ खड़े हो जाए, तो नशे पर काबू पाया जा सकता है। साथ ही कहां कि आज का युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। नशा और धूम्रपान को वे अपनी शान समझने लगे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। यह स्थिति देश के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। क्योंकि, देश की बागडोर इन्हीं युवाओं के हाथ में है। इसलिए, अब समय आ गया है कि इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हम सब मिलकर कार्य करें।

### एनसीसी कैडेट्स ने अग्निवीर परीक्षा में सफलता हासिल कर किया नाम रोशन

## तिलक कालेज के 9 होनहार संभालेंगे देश की सरहदें, बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय तिलक महाविद्यालय के कला एवं विज्ञान संकाय से स्नातक कर रहे एनसीसी के 9 होनहार विद्यार्थियों ने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफल होकर कर जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। इन युवाओं की उपलब्धि न केवल उनके परिवारों और महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे कटनी के लिए भी सम्मान और प्रेरणा का क्षण है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में सभी चयनित विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय सेना में चयनित होकर इन विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालय, परिवार और पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। देश सेवा का यह अवसर आप सबके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होगा। आप उस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जिसने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए इतिहास रचा है।

इन विद्यार्थियों की सफलता के पीछे वर्षों का परिश्रम, एनसीसी प्रशिक्षण की कठोर दिनचर्या और राष्ट्रभक्ति की भावना रही है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई और एनसीसी अधिकारी सरदार दिवाकर ने चयनित विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी सेना और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

कलेक्ट्रेट में जब नौ युवा अग्निवीर बनने की सफलता के साथ उपस्थित हुए, तब उनके चेहरों पर आत्मविश्वास, आंखों में सपने और हृदय में राष्ट्रसेवा का जज्बा साफ दिखाई दे रहा था। यह दृश्य केवल नौ विद्यार्थियों की सफलता का नहीं, बल्कि उस युवा शक्ति का प्रतीक था जो अपने भविष्य को देश के भविष्य से जोड़ना चाहती है।

शासकीय तिलक महाविद्यालय के छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि जब इरादे मजबूत हों और लक्ष्य राष्ट्रसेवा हो, तो सफलता स्वयं रास्ता बना लेती है। अब ये युवा केवल अपने परिवारों की उम्मीद नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और सम्मान के प्रहरी बनने की ओर अग्रसर हैं। यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि और पूरे जिले का सबसे बड़ा गौरव है।इस दौरान चयनित युवाओं के चेहरों पर देशसेवा का जज्बा और भविष्य के सुनहरे सपनों की चमक साफ दिखाई दे रही थी।

### ये हुये चयनित

चयनित छात्रों में कटनी जिले के 8 और उमरिया जिले का निवासी 1 छात्र शामिल हैं। इनमें कटनी जिले का निवासी नीरज सोनी (ग्राम पड़खुड़ी), तेजबहादुर कुशवाहा (ग्राम हरदुआ बिचुआ), सुनील कुमार गड़ारी (ग्राम पड़रिया एनकेजे), अतुल कुमार (ग्राम पड़खुड़ी), दीपक प्रकाश पटेल (ग्राम परसवारा), आदिल अली (ग्राम सिंघनपुरी), मयंक कुमार (ग्राम खम्हरिया) एवं अनुज कुमार (ग्राम खम्हरिया) शामिल हैं। जबकि 1 छात्र सतीश साहू (ग्राम चांदपुर) उमरिया जिले से हैं।

## महिलाओं को मिला स्वरोजगार का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कृषि उद्यमी प्रशिक्षण की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत ग्राम पंचायत परोंहा पिपरिया की 35 बीपीएल वर्ग की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

यह प्रशिक्षण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद परीक्षा का आयोजन ओम प्रकाश चतुर्वेदी (परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमाणीकरण, रुडसेटी, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल) के निर्देशन में किया गया।

परीक्षा में कृषि विषय से संबंधित मूल्यांकन परीक्षक रामसुख दुबे (कटनी) द्वारा तथा बैंकिंग एवं स्वरोजगार से जुड़े विषयों का मूल्यांकन प्रदीप नामदेव (दमोह) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को जलवायु, भूमि के प्रकार, मिट्टी परीक्षण, जैविक खेती, जैविक खाद एवं कीटनाशक निर्माण, कीट एवं रोग नियंत्रण, दलहन-तिलहन एवं सब्जी फसलों की उन्नत तकनीक, स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई प्रणाली, शुष्क भूमि कृषि, एकीकृत कृषि प्रणाली, पशुपालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन सहित नर्सरी प्रबंधन एवं पादप प्रसार तकनीकों की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही बैंकिंग सेवाओं, बीमा, विभिन्न खातों, शासन की योजनाओं एवं अनुदान की जानकारी भी दी गई, जिससे महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

**खास बातें**

## भाजपा किसान मोर्चा की किसान कार्यशाला आज

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, जिला दमोह द्वारा 19 जून को मानस भवन, दमोह में सुबह 11 बजे से महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ना तथा उनकी आय में वृद्धि के प्रभावी उपायों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राहुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह विधायक जयंत मलैया, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, कार्यशाला संभाग प्रभारी श्रीमती नर्मदा सिंह, कार्यक्रम जिला प्रभारी करन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## ब्राह्मण एकता परिषद गुनौर के तहसील अध्यक्ष बने पं. ब्रजेश तिवारी, समाज में खुशी की लहर

**गुनौर।** ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय समाजसेवी पं. ब्रजेश तिवारी को ब्राह्मण एकता परिषद, गुनौर का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं क्षेत्रीय संगठनों के पदाधिकारियों तथा समाजजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समाज के लोगों ने विश्वास व्यक्त किया है कि पं. ब्रजेश तिवारी के नेतृत्व में गुनौर तहसील का ब्राह्मण समाज और अधिक संगठित एवं सशक्त होगा। लंबे समय से समाजहित के कार्यों में सक्रिय रहे पं. तिवारी को ब्राह्मण समाज की एकता, जागरूकता एवं उत्थान के लिए समर्पित व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पं. ब्रजेश तिवारी सदैव समाज के हितों एवं उसके विकास को लेकर चिंतित

### कीमत करीब 15 करोड़, अब तक सिर्फ 12 हजार बोरी उठाव

# सिमरी जालम वेयरहाउस संकट: बवंडर में उड़ी छत, खुले आसमान तले 1.5 लाख बोरी अनाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

जनपद जबेरा क्षेत्र के सिमरी जालम स्थित मां वेयरहाउस में 9 जून की रात आए भीषण बवंडर ने भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी-तूफान के कारण वेयरहाउस की पूरी टीन शेड छत उखड़कर मीलों दूर खेतों में जा गिरी। इसके बाद से वेयरहाउस में रखा करीब 1,50,000 बोरी (लगभग 60,000 क्विंटल) गेहूं-धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। इस अनाज की अनुमानित कीमत करीब 15 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जिस पर अब बारिश के चलते खराब होने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। घटना को करीब पंद्रह दिन बीत चुके हैं, लेकिन अनाज के सुरक्षित उठाव की व्यवस्था अब तक प्रभावी रूप से नहीं हो पाई है। वेयरहाउस संचालक द्वारा एमपीडब्ल्यूएलसी डीएम रजावत को स्थिति से वार वार अवगत कराया गया था। इसके बाद अनाज उठाव का ठेका जिले के बाहर शहडोल की अजहर रोड लाइन को सौंपा गया।

### कछुआ चाल से चल रहा उठाव कार्य

ट्रांसपोर्टर द्वारा 15 जून से उठाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन इसकी गति बेहद धीमी बनी हुई है। अब तक कुल 1,50,000 बोरी में से मात्र 12,000 बोरी अनाज का ही उठाव हो पाया है। यानी अधिकांश अनाज अभी भी खुले में पड़ा हुआ है। वर्तमान में केवल 2 से 3 ट्रकों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है, जिससे उठाव की रफ्तार काफी धीमी है। मजदूरों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद ट्रकों की कमी के कारण वे खाली बैठे रहने को मजबूर हैं।

### बारिश से बर्बादी का बढ़ता खतरा

मानसून की दस्तक के साथ अनाज के भीगकर खराब होने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। वेयरहाउस संचालक का कहना है कि यदि प्रतिदिन कम से कम 20 से 25 ट्रकों की व्यवस्था नहीं की गई, तो हजारों क्विंटल अनाज बारिश में खराब हो सकता है, जिससे करीब 15 करोड़ रुपये के अनाज पर संकट गहरा सकता है।

### जिम्मेदारों की लापरवाही पर उठ रहे सवाल

पूरे मामले में विभागीय अधिकारियों और ट्रांसपोर्ट कंपनी की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। स्थिति की जानकारी होने के बावजूद उठाव कार्य में तेजी नहीं लाई जा रही है। इसका खामियाजा जहां वेयरहाउस संचालक को भुगतना पड़ सकता है, वहीं सरकारी अनाज भी बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है।

### त्वरित कार्रवाई की मांग

वेयरहाउस संचालक ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पर्याप्त ट्रकों की व्यवस्था कर अनाज का शीघ्र एवं सुरक्षित उठाव कराया जाए, ताकि बारिश से होने वाले संभावित नुकसान को रोका जा सके। बावजूद इसके, अब तक जिम्मेदार विभाग द्वारा अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई है, जिससे हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने फ्लेग मार्च निकाला



**हिण्डोरिया।** मुस्लिम भाईयों के सन्निकट आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर हिण्डोरिया थाना क्षेत्र की पुलिस द्वारा एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी एवं टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन मे नगर के संवेदनशील प्रमुख मार्गों पर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस सम्बन्ध में एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया कि आगामी मुहर्रम पर्व सभी आपसी सदभाव पूर्ण माहौल मे परंपरागत रूप से अमन शांति के साथ मनाये। सभी शासन की पर्वों को लेकर जारी गाइड लाईन का पालन करें। पुलिस व्दारा फ्लैग मार्च निकालने का उददेश्य यही है। टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पुलिस त्योहार मे अपराध एवं अपराधी तत्वों पर सख्त निगरानी रखेगी। किसी को भी कानून का उल्लघंन करने का मौका नही दिया जायेगा। पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रखी जायेगी। उन्होंने ने सभी से त्योहार अमन- शांति एवं आपसी सोहार्द पूर्ण ढंग से मनाने की अपील भी की।

# सांसद ने रहली विधानसभा के विभिन्न मंडलों में प्रबुद्धजनों का किया सम्मान

**दमोह।** दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे "विशेष जनसंपर्क अभियान" के अंतर्गत रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा नगर, गढ़ाकोटा ग्रामीण एवं बलेह मंडल में प्रबुद्धजनों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान सांसद श्री लोधी ने क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित एवं समाजसेवी व्यक्तित्वों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में



राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री पी.एल. पटैल एवं श्री आर.आर. रावत, सेवानिवृत्त शिक्षक रामविशाल दुबे एवं सीताराम पाल, सेवानिवृत्त वेटरनरी चिकित्सक डॉ. रामदास कुर्मी एवं डॉ. हरिराम पटैल, सेवानिवृत्त महाप्रबंधक श्री राजकुमार सिंह राजपूत, सेवानिवृत्त कृषि उपज मंडी सचिव हरिराम कुर्मी, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार पी.एल. अहिरवार, सेवानिवृत्त सेना अधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, प्रहलाद सिंह एवं कुंवर सिंह राजपूत, सेवानिवृत्त रेंजर धीर सिंह आदिवासी तथा दरयाव सिंह मरकाम शामिल रहे। सांसद राहुल सिंह लोधी ने प्रबुद्धजनों से संवाद करते हुए केंद्र सरकार के 12 वर्षों में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीब, किसान, महिला एवं युवा सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री मितेन्द्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष अभिजीत सिंह, गढ़ाकोटा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, जनपद अध्यक्ष रहली प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, मंडल अध्यक्ष हरिनारायण पटैल, रामकुमार लोधी, भूपेंद्र कुर्मी, कुंवर सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एकता परिषद ने कलेक्टर से भेंट कर स्मरण पत्र सौंपा



**हिण्डोरिया/दमोह।** जिला दमोह के विभिन्न ब्लाकों एवं गावों मे व्याप्त वनभूमि, राजस्व भूमि, विस्थापन एवं आजीविका के मुद्दे जिला समन्वयं बैठक आयोजित कर शीघ्र निराकृत करने नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण सिंह यादव को जिला कलेक्ट्रेट पहुँच कर सौजन्य भेंट कर स्मरण पत्र सौंपा। कलेक्टर श्री यादव ने शीघ्र इस दिशा में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस सम्बन्ध में जन संगठन म. प्र. एकता परिषद जिला दमोह अध्यक्ष सुजात खान ने बताया कि वर्तमान में दमोह जिला के गरीब, वंचित, आदिवासियों के वन अधिकार कानून, भू राजस्व कानून, विस्थापन, एवं उनकी आजीविका से जुड़ी कई समस्याएं निरंतर विकराल रूप धारण करतीं जा रही हैं। वर्षों से जमीनों पर काबिज वंचितों समुदायों को अधिकार देने की बजाय उन्हें उन जमीनों से जाबेजा आये दिन खदेड़ा जा रहा है। जिले में नौरादेही अभ्यारण क्षेत्र, पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन क्षेत्र, केन बेतबा लिंक परियोजना, नर्सरी आदि के नाम पर बड़े स्तर पर आदिवासियों एवं वन्य आश्रित निवासियों की आवास भूमि, कृषि भूमि एवं आजीविका उनसे छीनी जा रही है। जिले में चारों तरफ भय, भूख, गरीबी, पलायन, अराजकता एवं हाहाकार का माहौल स्थापित है। एकता परिषद ने भूमि एवं आजीविका के वंचित समुदाय के मुद्दे निराकृत करने जिला समन्वय बैठक रखने की मांग की है।

# भीषण गर्मी में परेशान गर्भवती महिलाएं, बारह दिनों से बंद पड़ा जनरेटर बना मुसीबत का कारण



**तेंदूखेड़ा।** गर्मी के दौर में तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाएं मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई हैं। स्वास्थ्य केंद्र में पिछले बारह दिनों से जनरेटर खराब पड़ा हुआ है, जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित होने पर वार्डों में लगे पंखे और अन्य आवश्यक उपकरण बंद हो जाते हैं। इससे मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में इन दिनों उमस वाली गर्मी हो रही हैं ऐसे में अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाएं और उनके परिजन गर्मी से बेहाल हैं। बिजली की बार-बार कटौती के कारण वार्डों मंग उमस और गर्मी का माहौल बन जाता है। जनरेटर खराब होने से बिजली जाने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं हो पाती, जिससे मरीजों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। अस्पताल में भर्ती महिलाओं का कहना है कि गर्मी के कारण उन्हें आराम नहीं मिल पा रहा है। कई बार घंटों तक पंखे बंद रहने से स्थिति असहनीय हो जाती है। वहीं मरीजों के परिजनों ने भी स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शीघ्र जनरेटर की मरम्मत कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक सुविधाओं के रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि समय रहते जनरेटर की मरम्मत कर दी जाती तो मरीजों को इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी अत्यधिक गर्मी का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने जिला स्वास्थ्य विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि जनरेटर को जल्द से जल्द चालू कराया जाए ताकि बिजली कटौती के दौरान मरीजों को राहत मिल सके और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

सीबीएमओ अशोक बरौनियां ने कहा कि जनरेटर बंद होने की आंनलाइन शिकायत की जा चुकी हैं शासन स्तर से मैकेनिक सुधार कार्य के लिए आएंगा। वैसे भी पल्स पोलियो अभियान के लिए जनरेटर का सुधार होना अति आवश्यक हैं।

## वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यालय में गुरुवार दिनांक 18 जून को रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के शुभ अवसर पर नोहटा कार्यालय में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में कार्यकर्ताओं के द्वारा वीरांगना शहीद रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस गरिमा मय तरीके से मनाया गया सर्वप्रथम सभी उपस्थित वरिष्ठ जनों के द्वारा रानी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए जिसमें प्रमुख रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत जबेरा के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष भुजबल सिंह, भगवती मानव कल्याण सुमन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार, नंदू सेन ,वृंदावन सेन, भाव सिंह ठाकुर बिसना खेड़ी ,देशराज सिंह ,पिपरिया नद लाल मिट्ठु लाल, सरपंच हरदुआ सड़क टुंडा आदिवासी मंगरई, राजा सिंह ठाकुर जमुनिया, धरम सैन, अमरीश, अमित जैन, के साथ जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम तथा आसपास के गण मान्य नागरिकों की गरिमा मय उपस्थिति रही।

## भ्रामक जानकारी फैलाने वाले व्यक्तियों पर नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**दमोह।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 21 जून रविवार को दमोह जिले के तीन परीक्षा केंद्रो पी.एम श्री केंद्रीय विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएम ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में नीट परीक्षा (पुनः) का आयोजन किया जा रहा है, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारी फैलाने वाले व्यक्तियों पर सतत निगरानी करने एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, प्रबंधक ई-गर्वेनेंस सोसायटी, जिला प्रभारी साईबर सेल (पुलिस), शरद तिवारी एडीपीसी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, हिमांशु पांडे प्रभारी आई.टी.आई सेल कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी शामिल है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने निर्देश दिए हैं कि नीट परीक्षा के प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने, प्रश्न पत्रों से संबंधित अफवाह फैलाने या प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का दावा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# समय पर सेवा देने से बढता है प्रशासन का महत्व- कलेक्टर

## मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर संपन्न, पात्र हितग्राही हुए लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला एवं जनपद स्तर पर तीन दिवसीय प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएँ सुन रहे हैं और उनके त्वरित समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं, इस आशय की बात जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के दौरान कही।

उन्होने शिविर के दौरान नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज़ पूर्ण रूप से साथ रखें, ताकि विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। उन्होने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार दस्तावेज़ों की कमी के कारण पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सभी नागरिक अपने दस्तावेज़ सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएँ।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों को हल्के में न लें। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से आग्रह किया कि प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से विचार करें तथा सकारात्मक मानसिकता के साथ उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा शासन की योजनाओं एवं लाभों को पात्र हितग्राहियों तक निर्धारित समय सीमा में पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समय सीमा में कार्य पूर्ण होने से उसकी सार्थकता एवं महत्व बढ़ जाता है, जबकि देरी होने पर उसका प्रभाव कम हो जाता है और आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी अपने-अपने क्षेत्र में नागरिकों, हितग्राहियों और लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा यह केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। इसी उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पात्र लोगों तक सुविधाएँ और योजनाओं का लाभ सीधे पहुँच सके। उन्होने कहा शिविर लगाने का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान करना और योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना है।

जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर ने कहा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का स्पष्ट उद्देश्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होने कहा सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी दिशा में विभिन्न विभागों द्वारा विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे समाज के कमजोर वर्ग को आर्थिक एवं सामाजिक मजबूती मिल सके।

वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल पटेल ने कहा सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रशासन लगातार मैदानी स्तर पर कार्य कर रहा है। इसके बावजूद कई बार तकनीकी, दस्तावेज़ी अथवा अन्य कारणों से कुछ हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं, ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित समाधान शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहते हैं। ग्राम सचिवों से लेकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत सीईओ की उपस्थिति में हितग्राहियों की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाता है।

महेश पटेल ने कहा ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करें तथा उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, गोपाल पटेल, मनीष तिवारी, राघवेन्द्र सिंह परिहार, महेश पटेल, अमित जैन गोलू बजाज, संदीप शर्मा, नर्मदा एकता सिंह, देवकी नंदन पटेल, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा मंचासीन रहें। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और जिला कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों द्वारा शिविर में मौजूद पात्र हितग्राहियो को हितलाभ वितरित किये गये। इसमें सुहागरानी यादव को संबल योजना के तहत 02 लाख रूपये का स्वीकृति पत्र, रमेश असाटी, राजेश सोनी, मनोज अहिरवार सहित अन्य हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

## पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) विक्रय करने वाले आरोपी के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना गुनौर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को 03 किलो 750 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 27 हजार रुपये विक्रय करने के उद्धेश्य से घर में रखे पाये जाने पर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अवैध मादक पदार्थ जप्त किया गया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना गुनौर में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनु. अधि. पुलिस के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया है। गठित पुलिस टीमो द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रो में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, विक्री भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। दिनांक 17.04.2026 को थाना गुनौर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मन्नीखिरवा निवासी संतोष पाठक अपने घर में बिक्री करने के उद्धेश्य से अवैध मादक पदार्थ गाँजा रखे हुए है। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्वतंत्र साक्षियों को साथ लेकर पुलिस टीम द्वारा ग्राम मन्नीखिरवा पहुंचकर दबिश दी गई। मौके पर पुलिस टीम को देखकर संदेही व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम संतोष पाठक पिता शिवकुमार पाठक उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मन्नीखिरवा थाना गुनौर जिला पन्ना होना बताया। नियमानुसार तलाशी कार्यवाही के दौरान आरोपी के घर के एक कमरे में रखी दो प्लास्टिक की बोरियों से बरसाती एवं पन्नियों में रखा हुआ मादक पदार्थ गाँजा बरामद किया गया। बरामद पदार्थ का परीक्षण एवं तौल कराने पर कुल 03 किलो 750 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) होना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27,000 रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने अपने घर के आँगन में गाँजे के पौधे लगाए थे तथा उन्हीं पौधों को काटकर सुखाकर विक्रय हेतु घर में रखा था। आरोपी के विरुद्ध थाना गुनौर में धारा 08/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**नाम पता आरोपी-** 1. संतोष पाठक पिता शिवकुमार पाठक, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम मन्नीखिरवा, थाना गुनौर, जिला पन्ना (म.प्र.)जप्त सामग्री-
उक्त प्रकरण में आरोपी के कब्जे से '03 किलो 750 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 27,000 रुपये' जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान -**
उक्त कार्यवाही में थाना गुनौर से सउनि नाथूराम पाण्डेय , प्रआर मुकेश शर्मा , प्रआर रामकुमार रजक ,आर नीलेश प्रजापति,आर अमन कुशवाहा, आर वीनस पाण्डेय, एवं अन्य पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### कलेक्टर ने लक्ष्मणकुटी, महंतपुर एवं सदगुवां क्षेत्र का लिया जायजा

# लापरवाही पर एक शिक्षक निलंबित अनुपस्थितों के वेतन काटने के निर्देश

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिलने पर परियोजना अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोटिस**

**सीएमएचओ को भी शो कॉज नोटिस जारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में शासकीय कार्य अपने समय पर सम्पन्न होते रहें इसी उद्देश्य को लेकर कलेक्टर लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है तथा प्रशासनिक गतिविधियों में जहां लापरवाही बरती जा रही है, इस बात का आंकलन भी कर रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आज प्रातः 9 बजे आकस्मिक रूप से भ्रमण पर निकले। इस दौरान अनियमितता, लापरवाही पर एक शिक्षक निलंबित और सदगुवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुपस्थित पाये जाने पर 3-3 दिवस का वेतन काटने और आंगनबाड़ी केन्द्र महंतपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता अनुपस्थित पाये जाने पर सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, परियोजना अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सोकॉज नोटिस जारी किये गये है।

अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री यादव प्रातः 10.35 बजे सद्गुवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे यहां पदस्थ डॉक्टर सहित 9 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर श्री यादव ने सभी 9 चिकित्सकों एवं स्टॉफ का 3-3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसी तरह पीएम श्री शासकीय एकीकृत हाई स्कूल लक्ष्मणकुटी में कक्षा दसवीं के क्लास रूम पहुंचे यहां छात्रों को टाईम टेबिल की जानकारी नहीं थी, छात्राओं की संख्या14 थी, यहां 14 शिक्षक पदस्थ हैं। कलेक्टर श्री यादप ने टाइम टेबिल प्रदर्शन और छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

प्राथमिक शाला लक्ष्मणकुटी में 02 शिक्षक पदस्थ है। 4 बच्चे उपस्थित थे। शिक्षिकाएं अपना टेबल वर्क में व्यस्त थीं। कलेक्टर ने बच्चों से चर्चा की अध्यापन कराया, नोटबुक में बच्चों ने जो लिखा था वह चैक नहीं किया गया, 02 दिन पूर्व का होमवर्क था। कलेक्टर श्री यादव ने प्रतिदिन कॉपी चैक करने के निर्देश दिये तथा कार्य संतोष जनक नहीं पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की ।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने शासकीय प्राथमिक शाला महंतपुर का प्रात 9.40 बजे जायजा लिया। यहां 02 शिक्षक पदस्थ थे, प्रधानाध्यापक संजीव ठाकुर उपस्थित पाये गये, शिक्षक प्रदीप बिल्थरे अनुपस्थित मिलने पर निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र महंतपुर का भी जायजा लिया। सहायिका मालती अहिरवार उपस्थित मिली, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता कविता राज अनुपस्थित थीं एक भी बच्चा केन्द्र पर नहीं था। कलेक्टर श्री यादव ने कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये।

## कलेक्टर आकस्मिक रूप से पहुंचे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदगुवां

**दमोह**। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज आकस्मिक रूप से सदगुवां पहुँचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति सामने आई, जिसमें गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता उजागर हुई। निरीक्षण के दौरान कुल 09 अधिकारी एवं कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने कहा इससे शासकीय योजनाओं के संचालन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, सार्थक पोर्टल के अवलोकन में पाया गया कि फार्मासिस्ट योगेश शरण सिंह एवं एएनएम आरती गौड़ द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई थी, जबकि वे वास्तव में संस्था से अनुपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बंधपत्र चिकित्सक आयुष भूमिया, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 योगेश शरण सिंह, नर्सिंग ऑफीसर संध्या बिसेन, एएनएम आरती सिंह गौड़, लैब टैक्नीशियन पियूष खटीक, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, आयुष फार्मासिस्ट प्रकाश सेन, संविदा फार्मासिस्ट सतीश विश्वकर्मा, संविदा नर्सिंग ऑफीसर गुलाब प्रसाद चक्रवर्ती अनुपस्थित पाये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नें तत्काल प्रभाव से माह जून 2026 के वेतन से 03 दिवस का वेतन कटौत्रा किया जाकर निर्देशित किया है कि सभी अपना स्पष्टीकरण उचित माध्यम से 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें, स्पष्टीकरण समय सीमा व संतोषप्रद न पाये जान पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का विशाल प्रदर्शन**

# पुराने शिक्षकों पर नया नियुक्ति कानून थोपना अन्यायपूर्ण





**दमोह**। शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट की अनिवार्यता के कानून के खिलाफ शिक्षकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आव्हान पर मध्यप्रदेश ही संपूर्ण भारत देश के सभी जिला स्तर पर शिक्षकों की सेवा पर टीईटी लागू करने के विरुद्ध आज ज्ञापन सौंपा गया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का विरोध नहीं कर रहा किंतु शिक्षकों की पीड़ा के निराकरण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री से संगठन अनुरोध कर रहा है कि इस निर्णय में संशोधन हेतु संसद में अध्यादेश आया जाए। संगठन शिक्षकों के प्रति प्राकृतिक न्याय समानता, विविध निश्चितता के सिद्धांत के आधार पर अध्यादेश लाने की मांग कर रहा है। आज के इस ज्ञापन के माध्यम से संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन ने अनुरोध किया कि आर टी ई अधिनियम 2009 - 2010 में उल्लेखित नियुक्ति नियम में शिक्षक पात्रता परीक्षा का उल्लेख किया गया है, जो कि 23 अगस्त 2010 में छब्म्ज अंतर्गत अध्यादेश में उल्लेखित है। संगठन उक्त अध्यादेश को जारी होने की दिनांक से लागू करने का अनुरोध करके दिनांक 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है। पूर्व के न्यायालयों के विभिन्न निर्णयों में भी इस टिप्पणी कौलेख किया गया है कि खेल के प्रारंभ होने के बाद नियम नहीं बदले जा सकते, फिर इस 2010 के अध्यादेश के अंतर्गत पूर्व के नियुक्त शिक्षक कैसे आ सकते है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ओर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राष्ट्र निर्माण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सामाजिक चेतना ओर चरित्र निर्माण में विगत 25-30 वर्षों से निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे लाखों शिक्षक साथियों ओर उनसे संबंधित करोड़ो परिवार जन के सेवा हित में प्रधानमंत्री संसद में अध्यादेश लाकर इसमें 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखने का संगठन विनम्र अनुरोध कर रहा है। आज के इस ज्ञापन प्रदर्शन कार्यक्रम में जिले के सभी विकाखंड ओर ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों शिक्षकों ने उपस्थित होकर अपनी पीड़ा व्यक्त कर श्री मान कलेक्टर महोदय दमोह के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन प्रदर्शन में जिले के सभी शिक्षक अध्यापक संगठन के जिला व विकासखंड के पदाधिकारी व शिक्षकों के साथ ही मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार जैन, पारस जैन, महेंद्र कुमार जैन, कमलेश सेन,जिला अध्यक्ष, संजय पाठक, महेश कुमार गुप्ता जिला सचिव, अरविंद चौराहा, मनीष भारद्वाज, नितेश पाठक, संदीप सोनी, अशोक साहू, जितेंद्र खटीक, मुन्ना लाल पटेल, अरविंद पटेल, महेश प्रसाद विश्वकर्मा, शरद ताम्रकार, अमित जैन, देवेंद्र तंतुबाय, भागचंद जैन, दौलत सिंह ठाकुर, मुलायम सिंह पटेरा, निलेश जैन, विवेक दुबे, सुरेंद्र सिकर्रा, सत्यनारायण तिवारी, आसिफ अंजुम, राकेश हजारी, मनोहर दुबे, ताहिर खान, विपिन चौबे, मुकेश सराफ, देवेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र राय, संतोष रजक, खिलान सिंह ठाकुर, एलपी चौरसिया, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, हरीश अहिरवाल, राजू गांगरा, आरबी सिंह, निशा चौकसे, विनीता जैन, देवीलाल पटेल, सोनू मुंडा, अविनाश तिवारी आदि की सराहनीय उपस्थिति रही।

## धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**दमोह**। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका को परेशान करने, परिजनों को जान से मारने की धमकी देने तथा धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 15 जून 2026 को एक नाबालिग बालिका ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि किशन तलैया निवासी साहिल खान उर्फ साहिद बिना उसकी सहमति के लगातार बातचीत करने का प्रयास करता था तथा विरोध करने पर उसे और उसके परिजनों को जान से मारने एवं धर्म परिवर्तन कराने की धमकी देता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 17 जून को आरोपी साहिल खान उर्फ साहिद पिता छोटे खान, निवासी किशन तलैया, दमोह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष कुमार, उपनिरीक्षक नीतेश जैन, प्रधान आरक्षक महेश यादव तथा आरक्षक आकाश पाठक और ब्रजेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

## वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया

**बनवार**। 18 जून को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के अवसर पर नोहटा स्थित भारतीय शक्ति चेतना पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके अदम्य साहस व देशभक्ति को नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ जनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान भारतीय इतिहास में अमिट है और उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने महिलाओं के साहस, आत्मसम्मान और देशप्रेम का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष भुजबल सिंह, भगवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार, नंदू सेन, वृंदावन सेन, भाव सिंह ठाकुर (बिसना खेड़ी), देशराज सिंह (पिपरिया), नद लाल, मिट्ठू लाल (सरपंच, हरदुआ), टुंडा आदिवासी, मंगरई, राजा सिंह ठाकुर, जमुनिया धरम सैन, अमरीश एवं अमित जैन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के संकल्प के साथ किया गया, जिसमें सभी ने देश और समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का प्रण लिया।

# झलौन के उप स्वास्थ्य केंद्र पर लटका ताला भवन निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत झलौन में निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग एक वर्ष पूर्व तैयार किए गए स्वास्थ्य केंद्र भवन का अब तक समुचित उपयोग शुरू नहीं हो सका है। भवन पर लगातार ताला लटका हुआ है और यहां न तो किसी चिकित्सक की नियमित पदस्थापना हुई है और न ही स्वास्थ्य सेवाएं संचालित हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया था, लेकिन भवन बनने के बाद भी स्थानीय लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीणों को छोटी-छोटी बीमारियों के उपचार के लिए भी अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है।



इसी बीच भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 49 लाख रुपये की लागत से निर्मित भवन में निर्माण कार्य पूर्ण होने के कुछ समय बाद ही दीवारों की पुट्टी झड़ने लगी है। अभी मानसून की बारिश भी शुरू नहीं हुई है, इसके बावजूद भवन की स्थिति चिंताजनक दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता संबंधी खामियों की जांच नहीं की गई तो बारिश के मौसम में भवन को और अधिक नुकसान पहुंच सकता है।

ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी धन से निर्मित सार्वजनिक भवनों में गुणवत्ता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि लंबे समय तक आमजन को उसका लाभ मिल सके।

इसके अलावा ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में समीप स्थित शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की बात कही गई थी, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का सुझाव है कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए, जिससे परिसर सुरक्षित रहे और भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु संचालन के लिए बेहतर वातावरण तैयार हो सके।

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र चिकित्सक एवं आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति कर सेवाएं प्रारंभ की जाएं तथा भवन निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## सीएमओ व नगर पालिका कर्मचारियों के शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले दो ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**दमोह**। नगर पालिका सीएमओ एवं कर्मचारियों के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में फरार चल रहे एक-एक हजार रुपये के दो ईनामी आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी के अनुसार 19 मई 2026 को नगर पालिका दमोह के सीएमओ राजेन्द्र लोधी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 489/2026 के तहत विभिन्न धाराओं सहित एससी-एसटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले के आरोपी मिर्जा सरफराज बेग एवं मिर्जा शहजाद बेग घटना के बाद से फरार चल रहे थे।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी द्वारा दोनों आरोपियों पर एक-एक हजार रुपये का इनाम घोषित कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड अवधि पूर्ण होने के बाद 18 जून 2026 को आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जिला जेल दमोह भेज दिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में मिर्जा सरफराज बेग (50 वर्ष) एवं मिर्जा शहजाद बेग (50 वर्ष), दोनों निवासी पठानी मोहल्ला, दमोह शामिल हैं।कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक कलीम खान, हेमंत अवस्थी, धीरज राजपूत, आरक्षक भूपेन्द्र पांडेय तथा महिला आरक्षक विमला राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

### घंटों चला हाई-वोल्टेज ड्रामा, प्रशासन के आश्वासन के बाद उतरा नीचे

# गुजरात की नाबालिग प्रेमिका से शादी की जिद में मोबाइल टॉवर पर चढ़ा किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के रजपुरा थाना क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव में गुरुवार सुबह एक हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब एक नाबालिग किशोर अपनी नाबालिग प्रेमिका से शादी कराने की जिद को लेकर 200 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। युवक की इस 'शोले' स्टाइल जिद को देखने के लिए देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भारी भीड़ टावर के नीचे जमा हो गई।किशोर देर रात से सुबह तक टॉवर पर बैठा रहा, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।

### पूरा मामला इस तरह है-

दरअसल रजपुरा थाना क्षेत्र के सगोनी गांव में रमेश बरेला का 18 वर्षीय पुत्र प्रकाश बरेला कुछ समय पहले अपने परिजनों के साथ काम मजदूरी करने गुजरात गया था। गुजरात में मजदूरी करने के दौरान ही उसे वहां एक नाबालिग लड़की से प्रेम हो गया और दोनों में प्रेम प्रसंग का परवान इस तरह चढ़ा कि15 दिन पहले वह नाबालिक लड़की को भगाकर अपने गांव ले आ गया। इसकी जानकारी नाबालिक लड़की के माता-पिता को लगी तो उन्होंने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराकर पुलिस के साथ सगोनी गांव पहुंचे और पुलिस की मदद से अपनी नाबालिग बेटी को गुजरात ले गए।

किशोर का आरोप है कि लड़की के पिता ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया, जिसके बाद दोनों की बातचीत बंद हो गई। इसी बात से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी, रजपुरा थाना प्रभारी विनीत शिलास और गांव के सरपंच महेंद्र कटारे ने मौके पर पहुंचकर किशोर को टावर के नीचे लाउडस्पीकर के जरिए समझाने का प्रयास किया। घंटों की समझाइश और बातचीत के बाद आखिरकार





गुरुवार सुबह किशोर सुरक्षित टॉवर से नीचे उतर आया।

### प्रशासन के अश्वासन पर उतरा आशिक -

पुलिस ने युवक को भरोसा दिलाया कि अभी दोनों को कुछ समय इंतजार करना होगा। जैसे ही लड़की और वह खुद पूरी तरह से बालिग हो जाएंगे, तब नियम कायदे के अनुसार उनकी शादी करा दी जाएगी। तब कहीं ठोस आश्वासन और समझाइश के बाद प्रकाश का गुस्सा शांत हुआ और वह सुबह करीब 9 बजे सुरक्षित टावर से नीचे उतर आया। नीचे आते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और परिजनों को भी सख्त हिदायत दी है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप किया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## न्यायालय परिसर में अवैध हथियारों के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस ने न्यायालय परिसर में अवैध हथियार लेकर घूम रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं तीन बटनदार चाकू बरामद किए हैं। पुलिस को 17 जून 2026 को सूचना मिली थी कि न्यायालय परिसर में कुछ युवक अवैध हथियारों के साथ मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चार व्यक्तियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से तीन बटनदार चाकू, एक देशी पिस्टल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 588/26 के तहत धारा 25, 25(1-बी)(बी) एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सुमित रैकवार (20), शैलेन्द्र रैकवार (22), रोहन विश्वकर्मा (21) तथा एक अपचारी बालक शामिल है। पुलिस ने कुल 37 हजार रुपये मूल्य के हथियार एवं कारतूस जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष कुमार, उपनिरीक्षक नीतेश जैन सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# टाइगर रिजर्व : अभी जलस्रोतों के पास दिख सकते हैं बाघ, नीलगाय और काले हिरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुए, भालू, सियार, काला हिरण और गिद्धों को देखना है तो 30 जून के पहले सफारी का प्लान बना लें। हर साल की तरह मानसून आने के साथ यहां पर्यटन बंद हो जाएगा। 30 सितंबर तक पर्यटक रिजर्व में सैर-सपाटा नहीं कर पाएंगे। यहां के सभी गेटों से प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। अभी गर्मी में बाघ जलस्त्रोंतों के आसपास देखे जा रहे हैं दमोह सागर और नरसिंहपुर जिले के 72 गांवों को जोड़ते हुए कुल क्षेत्रफल 2339 वर्ग किलोमीटर में फैला है। प्रदेश का यह 7वां टाइगर रिजर्व है। वर्ष 2023 में इसे टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। एक समय यह क्षेत्र भेड़ियों के लिए जाना जाता था अब यहां बाघ, तेंदुओं के बाद चीतों की बसाहट होगी। चीतों के लिए यह क्षेत्र अनुकूल माना जा रहा है। कूनो से चीतों को लाकर यहां बसाया जाएगा।

### 30 बाघों की मौजूदगी: एयर कनेक्टिविटी व ठहरने की व्यवस्था हो तो बढ़ेगा टूरिज्म

टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 30 से अधिक बाघों की मौजूदगी का दावा किया जा रहा है। यहां बाहरी बाघों का मूवमेंट भी रहता है, इसलिए संख्या को लेकर भ्रम की स्थिति बनी है। टाइगर रिजर्व में चिड़ियों की 240 प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां भेड़िया, भालू, सियार, लकड़बग्घा, लोमड़ी, सूअर, नीलगाय, जंगली सूअर, चौसिंघा, काला हिरण, चिंकारा, कछुआ और मगरमच्छ सहित पशु-पक्षी मौजूद हैं टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि इस बार बफर जोन से लगे गांवों के मवेशियों का वैक्सीनेशन अक्टूबर के बाद शुरू होगा। बरसात में टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियां बंद कर दी जाती हैं। सागर से दूसरे राज्यों के लिए एयर कनेक्टिविटी फिलहाल नहीं है। जिससे यहां बाहरी टूरिस्ट कम ही आ रहे हैं। टाइगर रिजर्व के रेस्ट हाउस



को छोड़ यहां रुकने के लिए होम स्टे की कमी है। यह कमियां दूर हों तो टूरिज्म बढ़ सकता है। होम स्टे की दिशा में कुछ काम चल रहा है।

### किस वजह से लिया ये फैसला

वन विभाग के मुताबिक मानसून का समय वन्यजीवों का मुख्य प्रजनन काल होता है। इस दौरान जानवरों को शांत वातावरण की जरुरत होती है। पर्यटकों की आवाजाही से उनकी गतिविधियों में बाधा आ सकती है बारिश के मौसम में जंगलों के अंदरुनी रास्ते भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। इन रास्तों की मरम्मत और रखरखाव के लिए भी यह समय जरूरी होता है। इसी वजह से हर साल मानसून में पर्यटकों की एंट्री बंद कर दी जाती है

### सुबह 5:45 से 11 बजे तक ही सफारी

गर्मी के कारण पर्यटकों की संख्या में कुछ कमी आई है। अप्रैल में महज 110 पर्यटक ही पहुंचे, जबकि दिसंबर-जनवरी में यह आंकड़ा 750-750 था। वर्तमान में पर्यटन का समय सुबह 5:45 से 11:00 बजे तक है। जो मुसाफिर इस मौसम में भी आ रहे हैं, उन्हें जलाशयों के पास बाघों की अठखेलियां और दीदार का भरपूर मौका मिल रहा है

### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह का कहना है कि 30 जून या फिर इसके पहले तेज और लगातार बारिश शुरू होने पर टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियां बंद कर दी जाएंगी।